# तीन माह में तैयार होगा विकसित यूपी का रोडमैप

## दिसंबर में मुख्यमंत्री के समक्ष होगा प्रस्तुतीकरण अगले बजट में दिखेगी झलक

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ: विकसित उत्तर प्रदेश-2047 का रोडमैप दिसंबर में तैयार हो जाएगा। इस रोडमैप में शामिल कार्यक्रमों पर जनवरी से विभाग काम शुरू करने की स्थिति में होंगे। रोडमैप की झलक वित्तीय वर्ष 2026-27 में देखने को मिल सकती हैं। रोडमैप में शामिल कार्यक्रमों के लिए सरकार अगले बजट में प्रविधान भी कर सकती है।

विकसित यूपी 2047 विजन डाक्यूमेंट पर सरकार इस समय जनता से सुझाव ले रही है। अब तक जनता से 14 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हो चुके हैं। इसके साथ ही संबंधित विभाग रोडमैप के लिए तय किए गए 12 सेक्टरों की विस्तृत कार्ययोजना बनाने में जुट गए हैं। इन सेक्टरों में कृषि एवं संबद्ध विभाग, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आइटी व इमर्जिंग टेक्नोलाजी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन शामिल हैं।



**14 लाख से अधिक सुझाव आ चुके हैं अब तक विकसित यूपी 2047 विजन डाक्यूमेंट पर**

**विभाग इन 12 सेक्टर के लिए तैयार कर रहे मसौदा**

कृषि एवं संबद्ध विभाग, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आइटी एवं इमर्जिंग प्रौद्योगिकी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन।

सेक्टरवार रोडमैप बनाने में नीति आयोग भी सहयोग कर रहा है। प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही संस्था डेलायट से भी सहयोग लिया जा रहा है। तय किए गए 12 सेक्टरों के लिए रोडमैप तैयार करने की जिम्मेदारी संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिवों को दी गई है। सेक्टरवार रोडमैप का मसौदा तैयार करने में विभाग सेक्टर से जुड़े हितधारकों के साथ बैठक कर उनसे परामर्श ले रहे हैं। मसौदा तैयार करने के लिए अल्प, मध्यम और दीर्घ अवधि के कार्यक्रम तय किए जाएंगे।

नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार के मुताबिक विभाग सेक्टरवार रोडमैप 30 नवंबर तक प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद दिसंबर में रोडमैप के मसौदे को मुख्य सचिव समिति के समक्ष रखा जाएगा। मुख्य सचिव समिति के अनुमोदन के बाद दिसंबर में ही रोडमैप को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। कोशिश है कि जनवरी से रोडमैप में शामिल कार्यक्रमों पर काम शुरू हो जाए।